# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०

**Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.**

**(A Govt. of Bihar Undertaking)**

राजापुर पुल, पश्चिम बोरिंग कैनाल रोड, पटना – 800001 / Rajapur Pul, West Boring Canal Road, Patna-800001

E-mail: - mdbuidco@gmail.com, Website : http://buidco.in

**CIN – U45200BR2009SGC014600**

BUIDCo Building Better Tomorrow

ISO 9001:2008, 14001:2004


## कार्यालय आदेश

**पत्रांकः–बुडको / यो०–2896 / 2024–....11......** **दिनांकः–19/2/24**

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० के अन्तर्गत Construction of Storm Water Drainage System for Ara Nagar Nigam Area, Bihar under Nischay-2 कार्य की निविदा (NIT No-BUIDCo/Yo-2123/21-89 dt. 18.08.2023, Groups-III) में M/s Gokul Hytech Infra Private Ltd. द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 का Annual Turn Over Certificate समर्पित किया गया है, जिसका सत्यापन संबंधित Charterd Accountant श्री महसी महेस्वरी एण्ड कं0 से कराया गया। Charterd Accountant द्वारा अपने पत्रांक–शून्य, दिनांक–14.11.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि M/s Gokul Hytech Infra Private Ltd. का वित्तीय वर्ष 2018–19 का Annual Turn Over रुपये 9,38,83,104.00 है। विषयक निविदा में M/s Gokul Hytech Infra Private Ltd. द्वारा अपलोडेड Annual Turn Over Certificate के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018–19 का Annual Turn Over रुपये 29,38,83,104.00 है। स्पष्ट है कि M/s Gokul Hytech Infra Private Ltd. द्वारा इस निविदा में गलत Annual Turn Over Certificate अपलोड किया गया है।

तदोपरान्त बुडको के पत्रांक–212, दिनांक–11.01.2024 द्वारा M/s Gokul Hytech Infra Private Ltd. से स्पष्टीकरण की माँग की गई कि क्यों नहीं उनके विरूद्ध बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 की कंडिका–11 (क) (vii) तथा नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार के पत्रांक–926, दिनांक–23.07.2018 के आलोक में निम्नलिखित कार्रवाई की जा जायः–

क) दो वर्षों के लिये आगामी सभी निविदाओं में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाय।

ख) उक्त निविदा में समर्पित EMD जब्त किया जाय।

उक्त के आलोक में M/s Gokul Hytech Infra Private Ltd. द्वारा अपने पत्रांक–272, दिनांक–27.01.2024 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि उक्त निविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री परमेश्वर राय द्वारा अपलोड किया गया था तथा अपलोड इनके बिना जानकारी के किया गया था। समीक्षोपरान्त पाया गया कि निविदा में M/s Gokul Hytech Infra Private Ltd. द्वारा सभी कागजात इनके PKI से अपलोड है। PKI इनका Digital Signature है। अतः यह स्पष्ट होता है कि निविदा के सभी कागजात इनकी सहमति से Upload हुये हैं। इस प्रकार M/s Gokul Hytech Infra Private Ltd. निविदा में गलत प्रमाण पत्र संलग्न करने के दोषी पाये गयें।

वर्णित संदर्भ में बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 की कंडिका–11 (क) (vii) तथा नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार के पत्रांक–926, दिनांक–23.07.2018 के प्रावधानों के आलोक में M/s Gokul Hytech Infra Private Ltd., Surbhi Vihar, Dhelma (Bora Godown), Near Krishi Farm, P.O.-

Dhelma, P.S.-Ramkrishna Nagar, Patna-800 020 को 02 (दो) वर्षों के लिए आगामी सभी निविदाओं में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है। साथ ही उक्त निविदा के साथ समर्पित अग्रधन के रूप में जमा राशि को जब्त किया जाता है।

इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**
बुडको, पटना।

ज्ञापांकः–　　　　　　　　　　　　पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः– M/s Gokul Hytech Infra Private Ltd., Surbhi Vihar, Dhelma (Bora Godwn), Near Krishi Farm, P.O- Dhelma, P.S.-Ramkrishna Nagar, Patna-800 020, Email ID:- gokul_patna@yahoo.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**

ज्ञापांकः–　　　　　　　　　　　　पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–**प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख,** जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**

ज्ञापांकः–　　　　　　　　　　　　पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–**सभी महाप्रबंधक,** बुडको, पटना / **सभी परियोजना निदेशक,** बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**

ज्ञापांकः–　　　　　　　　　　　　पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–**प्रबंधक (आई०टी०),** बुडको, पटना को बुडको वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक,**

ज्ञापांकः– 882　　　　　　　　　　　　पटना, दिनांकः–19/2/24

प्रतिलिपिः–**प्रबंध निदेशक,** बुडको, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

19.02.24

**मुख्य महाप्रबंधक,**